वेबसाइट के लिए

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली

## विज्ञापन सं. आईसीएमआर/डीआईआर/आरएमआरसीडी/02/2025-आरपीसेल

## वैज्ञानिक पदों के लिए भर्ती सूचना

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि: 21.04.2025**

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। आईसीएमआर अपने नई दिल्ली स्थित मुख्यालय और देश भर में स्थित अपने 27 संस्थानों/केंद्रों तथा व्यापक संख्या में अपने फील्ड स्टेशनों के माध्यम से राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में जैव चिकित्सा/स्वास्थ्य अनुसंधान से संबंधित कार्य करता है।

आईसीएमआर भारतीय नागरिकों से **परिषद के अधीन अखिल भारतीय स्थानांतरण के दायित्व के साथ** सीधी भर्ती के तहत नियमित आधार पर नियुक्ति के लिए वेतन मैट्रिक्स के वेतन **स्तर-14 (1,44,200-2,18,200 रुपये) (7वें सीपीसी वेतनमान)** और आईसीएमआर कर्मचारियों को यथाग्राह्य सामान्य भत्तों सहित निदेशक के निम्नलिखित पद को भरने के लिए **21 अप्रैल, 2025 सांय 5:30 बजे** तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्र.सं. | पदनाम | अनिवार्य अर्हकता एवं अनुभव* |
|---|---|---|
| 1. | **निदेशक, आईसीएमआर- क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र, डिब्रूगढ़ (आईसीएमआर-आरएमआरसीडी)** | **i) अनिवार्य अर्हकता**<br>एमसीआई/एनएमसी द्वारा मान्यता प्राप्त एमडी/एमएस या समकक्ष डिग्री<br>या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एम.पी.एच. के साथ एम.सी.आई./एन.एम.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त एम.बी.बी.एस. या समकक्ष डिग्री<br>या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से क्लिनिकल और/या जन स्वास्थ्य अनुसंधान से संबंधित विषय में पीएच.डी. के साथ एम.एससी. या एमबीबीएस या एमसीआई/एनएमसी द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष डिग्री।<br>**ii) अनिवार्य अनुभव**<br>15 वर्ष<br>प्रबंधकीय पद पर 5 वर्षों का अनुभव और **संक्रामक और संचारी रोगों, एनसीडी या प्रजनन स्वास्थ्य एवं पोषण में नैदानिक और/या जन स्वास्थ्य अनुसंधान का अनुभव सहित** स्वतंत्र रूप से अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं (अर्थात वैज्ञानिक अध्ययनों के पीआई या सह-पीआई, अनुसंधान समूहों/केंद्रों/संस्थानों/प्रयोगशालाओं के प्रमुख रूप में), का संचालन किया हो।<br>और<br>समय-समय पर संशोधित वेतन मैट्रिक्स स्तर-13-ए या समकक्ष में 2 वर्ष की नियमित सेवा |

*नोट:

1. पीएचडी को 4 वर्ष के अनुभव के समान मानने पर विचार किया जाएगा (डिग्री पूरी करने में लगने वाली अवधि पर ध्यान दिए बिना)।
2. एमडी/एमएस या समकक्ष को 3 वर्षों के अनुभव के समान मानने पर विचार किया जाएगा।
3. एम.पी.एच./एम.टेक./एम.ई. को किसी अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा।
4. सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी संस्थानों में जैव चिकित्सा विज्ञान से संबंधित अनुसंधान एवं विकास का अनुभव स्वीकार्य होगा।
5. यदि आवेदक निजी क्षेत्र या विदेश स्थित प्रयोगशालाओं/संस्थानों से हैं तो स्क्रीनिंग समिति उसके वेतनमान की समतुल्यता का निर्णय करेगी।

**2. आयु सीमा:**

अधिकतक आयु सीमा 58 वर्ष है (भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार छूट है) केवल केंद्रीय/राज्य सरकारों के कर्मचारियों के लिए।

**3. नियुक्ति की अवधि:**

प्रारंभिक नियुक्ति 5 वर्षों की अवधि के लिए या सेवानिवृत्ति तक होगी, जो भी पहले हो। दूसरे कार्यकाल के लिए अधिकतम 5 वर्ष या सेवानिवृत्ति तक, जो भी पहले हो, के लिए समीक्षा समिति द्वारा विचार किया जा सकता है, बशर्ते कि भर्ती नियमों के अनुसार पात्रता मानदंड पूरा किया गया हो। इस कार्यकाल के दौरान, यदि पदधारी आईसीएमआर से है, तो वह आईसीएमआर में अपने मूल पद पर पुनर्ग्रहणाधिकार रखेगा।

**4. शुल्क:**

आवेदन शुल्क अप्रतिदेय **(नॉन-रिफ़ंडेबल)** के रूप में 1500/- रुपये (केवल एक हजार पांच सौ रुपये) अपेक्षित है। एससी/एसटी/महिला/पीडब्ल्यूडी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क में छूट है। उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान आवेदन-पत्र में दिए गए ऑनलाइन लिंक के माध्यम से करना है।

**5. आवेदन कैसे करें:**

i) उम्मीद्वारों को आवेदन शुल्क **https://recruit.icmr.org.in** पर **ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन** करना चाहिएं।

ii) आवेदन के साथ निम्नलिखित स्व-सत्यापित दस्तावेज अपलोड करे:-

क) जन्म तिथि प्रमाण-पत्र

ख) शैक्षिक योग्यताएं

ग) अनुभव

**6. अन्य शर्तें:**

(i) आवेदन को आवेदन शुल्क सहित ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(ii) अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा, कारण चाहे जो भी हो।

(iii) यदि किसी व्यक्ति के आवेदन में किसी भी प्रकार की गलत जानकारी दी जाती है या किसी भी सूचना को छिपाया जाता है, तो भर्ती प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद, उनकी उम्मीदवारी/सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी।

(iv) अपूर्ण या सहायक दस्तावेजों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदन रद्द कर दिए जाएंगें।

(v) **दावा किए गए शैक्षिक योग्यता/विशेषज्ञता/अनुभव से संबंधित दस्तावेज अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाने चाहिए।**

(vi) व्यक्तिगत चर्चा के समय, केंद्र/राज्य सरकार के विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकारी वित्तपोषित अनुसंधान एजेंसियों में काम करने वाले आवेदकों को नियोक्ता से प्राप्त एक **"अनापत्ति प्रमाण-पत्र"** प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह वचनबद्धता हो कि **"आवेदक को नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक महीने के भीतर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा"।**

(vii) किसी भी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार का बाहरी प्रभाव डलवाना (राजनीतिक या अन्यथा) उसे अयोग्य घोषित कर देगा।

(viii) कोई भी ऐसा मामला जिसके लिए कोई विशिष्ट अनुदेश नहीं दिए गए है, उन पर आईसीएमआर द्वारा निर्णय किया जाएगा और यह निर्णय उम्मीदवारों पर अंतिम और बाध्यकारी होगा।

(ix) कोई भी अन्य पत्राचार केवल आईसीएमआर की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे किसी भी अपडेट के लिए आईसीएमआर की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करें।

(x) विज्ञापन के विरुद्ध भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद नई दिल्ली स्थित न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र में होगा।

(xi) आईसीएमआर इस रिक्ति परिपत्र को संशोधित करने, रद्द करने या नये सिरे से प्रकाशित करने की स्वतंत्रता रखता है।

7. **अल्प-सूचीबद्धता-मानदंड: -**

क) सर्वप्रथम, आयु, अनिवार्य योग्यता और अनिवार्य अनुभव (जहां भी अपेक्षित हो) के संबंध में न्यूनतम पात्रता पूरी करने वाले सभी उम्मीदवारों की अल्प-सूची (छंटनी) तैयार की जाएगी।

ख) यदि अल्प-सूचीबद्ध (छंटनी) किए गए उम्मीदवारों की संख्या अधिक हो जाती है और उन सभी को साक्षात्कार के लिए बुलाना संभव नहीं है, तो आईसीएमआर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किए अनुसार कुछ उपयुक्त अल्पसूचीबद्ध मानदण्डों के आधार पर उम्मीदवारों को और अधिक अल्पसूचीबद्ध करेगा। तथापि इसमें मामले-दर-मामले योग्यता के आधार पर वैभिन्य हो सकता है। आईसीएमआर सामान्यतः नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार और जैसा भी मामला हो, संबंधित क्षेत्रों में उच्च अनुभव रखने वाले या उच्च शैक्षिक योग्यता वाले उम्मीदवारों को बुलाना चाहेगा।

**नोटः**

किसी भी तकनीकी सहायता के लिए कार्य दिवसों में प्रातः 9:30 बजे से सांय 5:30 बजे (IST) के बीच 011-26589167 पर संपर्क करें या **query.rpcell@icmr.gov.in** पर ईमेल करें। भुगतान से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया **e-payment@icmr.gov.in** पर ईमेल करें।

रीना शर्मा

सहायक महानिदेशक (प्रशा.)

**********